नवभारत
भोपाल, ळनिवार, 2 मई, 2026

# जहां बसेंगे ग्रामीण, वहां मिलेंगी शहर जैसी सुविधाएं

## कलेक्टर बोले- अफवाहों से बचें, हर हकदार को मिलेगा पैसा

**छतरपुर, 1 मई. केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्रामों के विस्थापन और मुआवजे को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है.**

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से

### गड़बड़ी होने पर कलेक्टर को सीधे दें गुप्त सूचना

वंचित नहीं रहेगा. उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे बाहरी तत्वों द्वारा फैलाई जा रही किसी भी अफवाह में न आएं. बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री जैसवाल ने आश्वासन दिया कि विस्थापन के बाद ग्रामीण जिस भी स्थान पर सामूहिक रूप से निवास बनाएंगे, वहां प्रशासन द्वारा बिजली, सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी तमाम मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएंगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य केवल विस्थापन नहीं, बल्कि बेहतर पुनर्वास है. प्रशासन ने पारदर्शिता बरतते हुए एक बड़ी घोषणा की है. कलेक्टर ने कहा कि यदि किसी अपात्र या बाहरी व्यक्ति को लाभ मिला है या किसी भी स्तर पर अनियमितता हुई है, तो ग्रामीण उसकी सूचना सीधे कलेक्टर कार्यालय में दे सकते हैं. यदि कोई खुलकर सामने नहीं आना चाहता, तो वह 'गुप्त रूप से' भी जानकारी साझा कर सकता है, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी.

### सर्वे कार्य जारी : दस्तावेज पूरे करने की अपील

कलेक्टर ने बताया कि मुआवजे और पैकेज के लिए दोबारा सर्वे का कार्य चल रहा है. उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सर्वे टीम का सहयोग करें और यदि कोई दस्तावेज अधूरा है, तो उसे तत्काल उपलब्ध कराएं.

**बेटियों के लिए राहत :** ऐसी बेटियां जिनकी शादी वर्ष 2024 के बाद हुई है, वे विवाह प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर विशेष पैकेज का लाभ ले सकती हैं.

**हिस्सेदारी का समाधान :** यदि किसी जमीन में कई हिस्सेदार हैं और कुछ अनुपस्थित हैं, तो भी मौके पर मौजूद हिस्सेदारों को उनके हिस्से का मुआवजा नियमानुसार दिया जाएगा.

### एसपी आगम जैन ने कानून व्यवस्था पर की चर्चा

बैठक में उपस्थित एसपी अगम जैन ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि विस्थापन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसमें पुलिस प्रशासन पूरी मदद करेगा. बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम : शिवाय अरजरिया और एसडीएम बिजावर विजय द्विवेदी भी मौजूद रहे.

# आंधी से चुनरी पर पड़ा दबाव, बच्ची छत से गिरी

**छतरपुर, 1 मई.** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तालगांव में बीती शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई है. यहां आंधी के दौरान घर की छत पर

### गिरने के कारण मुंह और दांतों में गंभीर चोटें आई

काम कर रही एक 10 वर्षीय बच्ची संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गई. ऊंचाई से गिरने के कारण बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और आंधी चलने लगी. इसी दौरान ब्रजभारत पटेल की 10 वर्षीय पुत्री रूबी छत पर रखे गेहूं समेटने के लिए ऊपर गई थी. बताया जा रहा है कि रूबी ने सिर पर चुनरी ओढ़ रखी थी. आंधी के दौरान चुनरी में अचानक हवा भर गई, जिससे बने दबाव के कारण वह खुद को संभाल नहीं पाई. हादसे की मुख्य वजह छत पर मुंडेर (बाउंड्री वाल) का न होना बताया जा रहा है. असंतुलित होते ही बच्ची करीब 10 से 12 फीट की ऊंचाई से सीधे जमीन पर आ गिरी. पत्थर और कठोर जमीन पर गिरने से वह मौके पर ही बेहोश हो गई. गिरने के कारण उसके मुंह और दांतों में गंभीर चोटें आई हैं, साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी अंदरूनी चोटों की आशंका जताई जा रही है.

### जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में उपचार जारी

परिजनों ने तत्काल घायल बच्ची को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया. फिलहाल बच्ची को जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती किया गया है. डॉक्टरों का कहना है कि बच्ची की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और उचित उपचार दिया जा रहा है.

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी पड़ रही भारी

इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिना मुंडेर के मकानों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. भवन निर्माण विशेषज्ञों का कहना है कि अक्सर लोग लापरवाही में या खर्च बचाने के चक्कर में छत पर रेलिंग या मुंडेर नहीं बनवाते, जो विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है.

# ग्राम धवार में शादी की खुशियां मातम में बदलीं

## ससुराल आए युवक की छत से गिरकर मौत

**राजनगर ( छतरपुर ) 1 मई.** क्षेत्र के ग्राम धवार में शुक्रवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। विवाह समारोह में शामिल होने आए एक 30 वर्षीय युवक की छत

### छत पर सोने गया था युवक सुबह नीचे पड़ा मिला शव

से गिरकर असामयिक मौत हो गई। इस घटना के बाद शादी वाले घर में उत्सव का माहौल चीख-पुकार और सन्नाटे में बदल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान जिरेन्द्र अहिरवार (30), निवासी ग्राम पिरपा (थाना गढ़ीमलहरा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जितेन्द्र शुक्रवार को अपने ससुराल धवार गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। रात करीब 8 बजे उन्होंने परिजनों के साथ भोजन किया। उस समय मौसम खराब था और बिजली गुल होने के कारण उमस और गर्मी से बचने के लिए वह छत पर सोने चले गए थे। हादसा रात के किस पहर हुआ, इसका सटीक पता नहीं चल सका है। शनिवार सुबह जब घर के अन्य सदस्य जागे, तो उन्होंने जितेन्द्र को नीचे जमीन पर

पड़ा हुआ देखा। आनन-फानन में परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही राजनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह हादसा छत से गिरने का लग रहा है, लेकिन मौत के सटीक कारणों और हादसे की परिस्थितियों की गहनता से जांच की जा रही है।

## इलाज के लिए 6 मरीजों को मिले 2 .80 लाख

**छतरपुर, 1 मई.** मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग (मंत्रालय, भोपाल) ने छतरपुर जिले के गंभीर बीमारियों से जूझ रहे छह जरूरतमंदों के लिए आर्थिक सहायता की मंजूरी दी है. मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 2 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे इन परिवारों को बेहतर उपचार कराने में बड़ी मदद मिलेगी. प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के विभिन्न क्षेत्रों के पीड़ितों को उनकी बीमारी की गंभीरता के आधार पर सहायता राशि आवंटित की गई है. इसमें सबसे अधिक राशि नौगांव की उमा द्विवेदी को प्रदान की गई है.

### एक नजर में

## ब्रह्माकुमारी धाम में हुआ आध्यात्मिक कार्यक्रम

**हरपालपुर.** हर घर मंदिर बने से सतयुगी समाज अभियान के अंतर्गत ब्रम्हाकुमारीय दिव्य धाम में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ विधि- विधान के साथ हवन से हुई, जिसमें गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र के सामूहिक उच्चारण से संपूर्ण वातावरण दिव्य ऊर्जा एवं आध्यात्मिक शांति से ओतप्रोत रहा. इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी केंद्र की प्रभारी बीके आशा दीदी ने गायत्री शक्तिपीठ के संत-महंतों एवं अतिथियों का उपर्णा पहनाकर सम्मान किया, आपने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि हर घर मंदिर बन जाए, तो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में दिव्यता, शुद्धता और नैतिक मूल्यों का विकास होगा, इससे एक श्रेष्ठ और सुख-शांति से परिपूर्ण सतयुगी समाज का निर्माण होना संभव है, आपने कहा आज के समय में बाहरी मंदिरों के साथ-साथ हमें अपने मन को भी मंदिर बनाना होगा, जहां सकारात्मक विचार, शुद्ध संकल्प और ईश्वरीय स्मृति का वास हो, यही सच्चे अर्थों में आत्मिक उन्नति का मार्ग है. कार्यक्रम के अंत में सभी ने ब्रह्म भोज कर आध्यात्मिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया.

## सड़क हादसे में घायल दूसरे भाई की भी मौत

**छतरपुर.** बिजावर क्षेत्र के लखनगुवा गांव में 26 मार्च को हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां पूरी तरह छीन लीं. इस हादसे में गंभीर रूप

से घायल आशीष शर्मा का शुक्रवार को ग्वालियर में इलाज के दौरान निधन हो गया. वह पिछले कई दिनों से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे थे. शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली. इससे पहले उनके बड़े भाई अमित शर्मा की भी उपचार के दौरान मौत हो चुकी थी. इस तरह एक ही हादसे में परिवार ने अपने दो जवान बेटों को खो दिया. बताया जा रहा है कि 26 मार्च को हुए सड़क हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे. हादसे के बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अमित शर्मा की हालत अधिक गंभीर होने के कारण उनकी पहले ही मौत हो गई थी, जबकि आशीष को बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया था. डॉक्टरों की लगातार कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका. गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है.

# उपयंत्री महेश असाटी का सम्मान कर दी विदाई

**छतरपुर, 1 मई.** नगर पालिका महाराजपुर में उपयंत्री पद से 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए महेश असाटी को नगर पालिका सभागार में भावभीनी विदाई दी गई. समारोह में उनके लंबे और उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सपना महादेव खटीक, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजकुमार चौरसिया और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र चौहान ने असाटी के कार्यों की सराहना की और उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की. असाटी ने अपने शासकीय सेवाकाल की शुरुआत बकस्वाहा

नगर परिषद से की थी. इसके बाद उन्होंने बिजावर, महाराजपुर, सीहोरा, सिलवानी, निवाड़ी, अमानगंज, पवई और उदयपुरा सहित कई नगर निकायों में अपनी सेवाएं देकर उत्कृष्ट कार्य किया. विदाई समारोह में सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए अनुभव, मार्गदर्शन और यादगार किस्से साझा किए. इस अवसर पर उन्हें शाल, स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया.

असाटी ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और स्नेह के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया. आरआई अशोक साहू ने कविता के माध्यम से उन्हें सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं दीं. समारोह में उनकी पुत्री सौम्या असाटी, दामाद हर्षित असाटी, पार्षदगण, अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार और परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष राहुल पुरोहित ने किया.

# पुलिस चौकी के सामने दो गुटों में खूनी संघर्ष

## विधायक के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

**छतरपुर, 1 मई.** जिले के बकस्वाहा स्थित बम्होरी चौक पर उस समय कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ गईं, जब पुलिस चौकी के ठीक सामने दो गुट आपस में भिड़ गए. सरेराह हुई इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं. मामले में पहले एक पक्ष पर कार्रवाई हुई, लेकिन बाद में क्षेत्रीय विधायक रामसिया

### वीडियो वायरल होने पर हुई पहली कार्रवाई

भारती के थाने पहुंचकर हंगामा करने के बाद दूसरे पक्ष पर भी मामला दर्ज किया गया.

जानकारी के अनुसार, बम्होरी चौक पर हुए इस विवाद के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को आधार बनाया. पुलिस ने पहले पक्ष के जगेश्वर असाटी, अभिषेक असाटी, कैलाश असाटी, राहुल असाटी और आयुष असाटी के खिलाफ केस दर्ज किया. हालांकि, दूसरे पक्ष पर तत्काल कार्रवाई न होने से असंतोष फैल गया. दूसरे पक्ष पर मामला दर्ज न होने की सूचना मिलते ही बड़ामलहरा विधायक रामसिया भारती अपने समर्थकों के साथ बकस्वाहा थाने पहुंचीं. उन्होंने पुलिस पर निष्पक्ष कार्रवाई न करने और एकतरफा मामला दर्ज करने का गंभीर आरोप लगाया. थाने में काफी देर तक चले हंगामे और विधायक के सख्त रुख के बाद पुलिस ने रुख बदला.

विधायक के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने फरियादी बबलू खंगार की शिकायत पर दूसरे पक्ष के चूरामन असाटी सहित अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है. इधर बकस्वाहा पुलिस का कहना है कि 'दोनों पक्षों की शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है. क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है और मामले की निष्पक्ष जांच जारी है.'

# विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देने शासन प्रतिबद्ध

## सीएम राइज स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित

**बड़ामलहरा, 1 मई.** प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है. शिक्षा के क्षेत्र में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें.

इसी क्रम में बड़ामलहरा स्थित सीएम राइज विद्यालय में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष राघव राजा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. उन्होंने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका भविष्य जितना मजबूत एवं उज्ज्वल होगा, देश भी उतनी ही तेजी से प्रगति करेगा. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है. विद्यार्थियों को स्कूल तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए साइकिल वितरण योजना संचालित की जा रही है.

## प्रथम चरण में 19 चार्ज अधिकारी नियुक्त

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जनगणना प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है. जनगणना के प्रथम चरण के लिए जिले में 19 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं. जिसमें 10 तहसील ग्रामीण स्तरीय चार्ज अधिकारी एवं 9 नगरीय स्तरीय चार्ज अधिकारी शामिल हैं. ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक 1981 एवं नगरीय क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक 424 बनाए गए हैं. ग्रामीण क्षेत्र में 1967 प्रगणक एवं 303 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए है, तो वहीं नगरीय क्षेत्र में 458 प्रगणक एवं 40 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं.

**जनसंपर्क** सरवई मंडल में राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने नागरिकों से की मुलाकात

# राज्यमंत्री ने हर समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

**गौरिहार, 1 मई.** चंदला विधानसभा क्षेत्र के सरवई मंडल में राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने शुक्रवार सुबह सघन जनसंपर्क अभियान चलाया. सुबह करीब 10:30 बजे शुरू हुए इस दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं.

राज्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास कार्यों, जनहित योजनाओं और स्थानीय आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाएगा. इस अवसर पर दिलीप अहिरवार ने कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की समस्या का निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और

सरकार जनकल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. दौरे के दौरान स्थानीय लोगों ने विभिन्न मुद्दों से मंत्री को अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया. राज्यमंत्री के इस जनसंपर्क अभियान को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा गया.

# अहिरवार ने पार्क के लिए भूमि का किया निरीक्षण

**चंदला, 1 मई. नगर परिषद चंदला में डीएमएफ ( जिला खनिज न्यास ) मद अंतर्गत स्वीकृत पार्क निर्माण कार्य को लेकर शुक्रवार को महत्वपूर्ण पहल की गई.**

चंदला में राज्यमंत्री (वन एवं पर्यावरण) दिलीप अहिरवार ने नगर परिषद क्षेत्र के सब्जी मंडी प्रांगण के पास चयनित भूमि का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने नगर परिषद के इंजीनियर विपिन अग्निहोत्री के साथ स्थल की उपयुक्तता का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान उपलब्ध भूमि का माप निर्धारण किया गया तथा पार्क निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश नगर परिषद के उपयंत्री को दिए गए. राज्यमंत्री ने

स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि नगरवासियों को जल्द ही एक सुंदर एवं उपयोगी पार्क मिल सके. बता दें कि राज्यमंत्री अहिरवार के प्रयासों से चंदला नगर परिषद में डीएमएफ मद से 35 लाख रुपए की लागत से पार्क निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है. नगर के बीचों-बीच भूमि चिन्हांकित कर इस कार्य को स्वीकृति दिलाना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया थी, लेकिन मंत्री जी के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया. यह पार्क न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि नागरिकों के लिए सैर-सपाटा, व्यायाम और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र भी बनेगा. स्थानीय लोगों के अनुसार, नगर के मध्य में पार्क का निर्माण होने से सभी वर्गों को इसका लाभ आसानी से मिल सकेगा.

राज्य मंत्री अहिरवार ने अपने संकल्प के अनुरूप इस परियोजना को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाया है, जिससे यह साफ है कि वे क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं को लेकर गंभीर हैं. नगरवासियों में इस पहल को लेकर उत्साह का माहौल है और वे जल्द ही पार्क निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद जता रहे हैं.